

# रीवा से रायपुर और कोलकाता के लिए नई हवाई सेवाएं होंगी प्रारंभ

## रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार की उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की समीक्षा

**रीवा, 27 फरवरी.** रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय में विमानन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए. बैठक में बताया गया कि रीवा से रायपुर एवं कोलकाता के लिए नई हवाई सेवाएं प्रारंभ करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि उड़ान सेवाएं जल्द से जल्द प्रारंभ की जा सकें. साथ ही, रीवा-इंदौर-रीवा एवं रीवा-दिल्ली-रीवा उड़ानों को प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन मार्गों पर नियमित और सतत विमानन सेवाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहन आवश्यक है.

बताया गया कि विमानन विभाग द्वारा जारी निविदा के अंतर्गत नवीन हवाई रूट्स के लिए विभिन्न शिड्यूल्ड ऑपरेटर्स द्वारा 20 हवाई मार्गों पर विमानन सेवाएं संचालित करने हेतु अभिरुचि व्यक्त की गई है. प्राप्त बिड्स का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण वर्तमान में प्रगति पर है, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र निर्णय लिया जा सके. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रस्तावित हवाई सेवाओं से रीवा सहित पूरे प्रदेश में औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्रीय संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा.

### चिकित्सकों के प्रमोशन के लिए लंबित प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश

बैठक में चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने इस विषय में शीघ्र निर्णय लेकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिल सके. बैठक में अपर मुख्य सचिव, विमानन एवं सामान्य प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, अपर सचिव सामान्य प्रशासन श्री अजय कटेसरिया और उप सचिव, विमानन श्री कैलाश बुंदेला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# लुटेरी दुल्हन गैंग के 2 महिलाओं सहित 9 सदस्य धराए

## कई लक्जरी वाहन भी पकड़े

**पन्ना, 27 फरवरी. पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर वसूली करने वाली एक सक्रिय लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश किया गया है. मामले में बृजपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गैंग के 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन सहित अन्य सामग्री जप्त की गई है.**

एसपी पन्ना निवेदिता नायडू ने पत्रकार वार्ता मे जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी बसंत लाल त्रिपाठी पिता रामदुलारे त्रिपाठी उम्र 43 वर्ष निवासी नयागांव धरमपुर द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि लगभग 15 दिन पूर्व एक परिचित व्यक्ति के माध्यम से फरियादी की शादी हेतु ग्राम उडकी सिंहपुर में रहने वाले लल्लू चौधरी से संपर्क हुआ था.

आपसी बातचीत के उपरांत तय योजना के अनुसार दिनांक 23 फरवरी को फरियादी अपने साथियों के साथ बुलेरो वाहन से पहाड़ीखेड़ा लड़की देखने पहुँचा, जहाँ मिश्रा ढाबा के पास लल्लू चौधरी दो लड़कियों एवं एक महिला के साथ मिला. उक्त व्यक्तियों द्वारा शादी के नाम पर फरियादी से पैसों की माँग की गई. फरियादी के साथियो द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर फरियादी के साथियों को डरा-धमकाकर वहाँ से भगा दिया गया और स्कार्पियो (क्रमांक एमपी 17 सीबी 1759) से आए व्यक्तियों ने फरियादी को वाहन में सुनसान रास्ते में ले जाकर झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी देकर टैबलेट, नगद 20 हजार रूपये एवं यूपीआई पासवर्ड प्राप्त कर बैंक खाते से 80 हजार रूपये ट्रांसफर कर लिए.

इसके बाद फरियादी को सुनसान स्थान पर उतारकर आरोपी मौके से फरार हो गए. फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 127(2), 308(5), 61(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया. एसपी पन्ना श्रीमती नायडू ने अनु0 अधि0 पुलिस राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बृजपुर उनि शक्ति पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया. जिसके फलस्वरूप मामले में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26 फरवरी को मुखबिर सूचना के आधार पर पहाड़ीखेड़ा बस स्टैंड पर घेराबंदी कर आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया.

# मुआवजे के लिए भटकती रही विस्थापित महिला

## एनसीएल के मुख्यालय में नहीं हुई सुनवाई

- **संवेदनहीन अधिकारी ने सिक्योरिटी बुलाकर महिला को हटवाया**

**नवभारत न्यूज़**
**सिंगरौली, 27 फरवरी. जिले के मोरवा क्षेत्र में एक विस्थापित महिला को अपने हक के मुआवजे की राशि के लिए पिछले दो महीनों से दर-दर भटकना पड़ रहा है. पीड़िता का आरोप है कि एनसीएल के मुख्यालय में लगातार चक्कर लगाने के बावजूद अब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला. उल्टा, जब उन्होंने अधिकारियों से अपनी समस्या रखी तो कार्यालय में पदस्त अधिकारी ने सिक्योरिटी बुलाकर उन्हें परिसर से बाहर करवा दिया.**

पीड़ित महिला के अनुसार, भूमि अधिग्रहण के एवज में मिलने वाली मुआवजा राशि अब तक लंबित है. वे बीते दो माह से लगातार एनसीएल मुख्यालय पहुंच रही हैं, लेकिन कभी फाइल अधूरी होने की बात कही जाती है तो कभी संबंधित अधिकारी के उपलब्ध न होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है.

महिला ने बताया कि उनकी बेटी की शादी नजदीक है और आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है. इसी को लेकर परसों वे अपने परिजनों के साथ मुख्यालय पहुंचीं और अधिकारियों से मानवीय आधार पर भुगतान की गुहार लगाई. आरोप है कि उनकी बात सुनने के बजाय प्रबंधन ने कार्यालय की सिक्योरिटी बुला ली, जिसके बाद उन्हें परिसर से बाहर कर दिया गया.

इस घटना के बाद क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि विस्थापित परिवार पहले ही अपनी जमीन और आजीविका खो चुका है, ऐसे में यदि अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने पर भी उन्हें इस तरह अपमानित किया जाए, तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है. स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की जा रही है. फिलहाल इस पूरे मामले में एनसीएल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र मुआवजा भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है.


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

ऑनलाइन ऑफर www.mphousing.in/ www.mponline.gov.in के माध्यम से एवं mponline कियोस्क पर उपलब्ध

**आवासीय/शाला भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर**
**पशुपतिनाथ विहार, कन्नौद, जिला देवास, पंडित दीनदयाल नगर शाजापुर एवं अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन में आवासीय/शाला भूखण्ड ई-ऑफर के माध्यम से यथा स्थिति में लीजहोल्ड आधार पर क्रय करने का सुनहरा अवसर**
**(संपत्ति ऋण हेतु बैंकों/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध)**

ई-ऑफर दिनांक 23.03.2026 तक जारी

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक एवं भूखण्डों की स्थिति | भूखण्ड का अनुमानित क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (रु. लाख/प्रति भूखण्ड) | धरोहर राशि (रु. लाख/प्रति भूखण्ड) | आवेदन शुल्क (रु./जीएसटी सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| | **पशुपतिनाथ विहार, कन्नौद जिला देवास के भूखण्ड (कार्नर एवं बेटर लोकेशन)** | | | | |
| 1. | एल.आई.जी. 35 | 12.00 × 9.15 = 109.80 | 8.00 | 1.60 | 590/- |
| 2. | एल.आई.जी. 56 | 10.35 × 10.50 = 108.68 | 7.92 | 1.58 | 590/- |
| 3. | ई.डब्ल्यू.एस. 31 | 6.00 × 9.00 = 54.00 | 3.74 | 0.75 | 590/- |
| 4. | ई.डब्ल्यू.एस. 52 | 5.75 × 9.00 = 51.75 | 3.59 | 0.72 | 590/- |
| | **कार्नर** | | | | |
| 5. | एल.आई.जी. 42 | 9.00 × 9.15 = 82.35 | 5.88 | 1.18 | 590/- |
| 6. | एल.आई.जी. 71 | 8.55 × 13.90 = 118.85 | 8.42 | 1.68 | 590/- |
| 7. | एल.आई.जी. 75 | 7.25 × 18.00 = 130.50 | 9.23 | 1.85 | 590/- |
| 8. | ई.डब्ल्यू.एस. 06, 07 | 6.20 × 9.00 = 55.80 | 3.76 | 0.75 | 590/- |
| 9. | ई.डब्ल्यू.एस. 27 | 6.00 × 9.00 = 54.00 | 3.64 | 0.73 | 590/- |
| 10. | ई.डब्ल्यू.एस. 37 | 8.50 × 9.00 = 76.50 | 5.10 | 1.02 | 590/- |
| 11. | ई.डब्ल्यू.एस. 51 | 5.65 × 9.00 = 50.85 | 3.44 | 0.69 | 590/- |
| | **बेटर लोकेशन** | | | | |
| 12. | एल.आई.जी. 45, 46 | 7.5 × 10.60 = 79.50 | 5.53 | 1.11 | 590/- |
| 13. | ई.डब्ल्यू.एस. 02, 03, 32, 53, 54, 55 एवं 56 | 6.00 × 9.00 = 54.00 | 3.55 | 0.71 | 590/- |
| 14. | ई.डब्ल्यू.एस. 19 | 7.00 × 10.70 = 74.90 | 4.87 | 0.97 | 590/- |
| 15. | ई.डब्ल्यू.एस. 20, 21 | 6.00 × 10.70 = 64.20 | 4.19 | 0.84 | 590/- |
| 16. | ई.डब्ल्यू.एस. 33 | 10.50 × 9.00 = 94.50 | 6.10 | 1.22 | 590/- |
| 17. | ई.डब्ल्यू.एस. 57 | 5.70 × 9.00 = 51.30 | 3.38 | 0.68 | 590/- |
| | **सामान्य** | | | | |
| 18. | एल.आई.जी. 47, 50, 51, 52, 53 एवं 54 | 7.50 × 10.60 = 79.50 | 5.39 | 1.08 | |
| 19. | एल.आई.जी. 48 | 7.50 × 10.80 = 81.00 | 5.48 | 1.10 | 590/- |
| 20. | एल.आई.जी. 49 | 10.25 × 10.70 = 109.67 | 7.37 | 1.47 | 590/- |
| 21. | एल.आई.जी. 62, 67, 68 | 7.50 × 10.50 = 78.75 | 5.34 | 1.07 | 590/- |
| 22. | एल.आई.जी. 16 | 7.50 × 10.70 = 80.25 | 5.43 | 1.09 | 590/- |
| 23. | एल.आई.जी. 72 | 7.50 × 15.00 = 112.50 | 7.56 | 1.51 | 590/- |
| 24. | एल.आई.जी. 73 | 7.50 × 16.00 = 120.00 | 8.05 | 1.61 | 590/- |
| 25. | एल.आई.जी. 74 | 7.50 × 17.00 = 127.50 | 8.55 | 1.71 | 590/- |
| 26. | ई.डब्ल्यू.एस. 04, 05, एवं 08 से 10 तक एवं 26, 28, 29, 30, 35, 36, 38 से 45 एवं 47, 49, 50 | 6.00 × 9.00 = 54.00 | 3.46 | 0.69 | 590/- |
| 27. | ई.डब्ल्यू.एस. 15, 16, 17, 22 एवं 23 | 6.00 × 10.70 = 64.20 | 4.08 | 0.82 | 590/- |
| 28. | ई.डब्ल्यू.एस. 18 | 9.35 × 10.70 = 100.05 | 6.28 | 1.26 | 590/- |
| 29. | ई.डब्ल्यू.एस. 46 | 5.90 × 9.00 = 53.10 | 3.40 | 0.68 | 590/- |
| 30. | पब्लिक फेसेलिटी एरिया भूखण्ड क्र. 01 | 37.681 × 29.70 = 1119.12 | 182.67 | 27.40 | 590/- |

**पंडित दीनदयाल नगर शाजापुर के भवन/भूखण्ड**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक एवं भूखण्डों की स्थिति | उपलब्ध भूखण्डों की संख्या | भूखण्ड क्रमांक | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का कारपेट क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (रु. लाख/प्रति भूखण्ड) | धरोहर राशि (रु. लाख/प्रति भूखण्ड) | आवेदन शुल्क (रुपये/जीएसटी सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यावसायिक भूखण्ड (अनियमित) | 01 | - | 2762.15 | - | - | 574.43 | 86.16 | 1770/- |
| 2. | शाला भूखण्ड "ए" | 01 | - | 1155.00 | - | - | 54.79 | 8.22 | 1770/- |
| 3. | शाला भूखण्ड "बी" | 01 | - | 1392.00 | - | - | 56.91 | 8.54 | 1770/- |
| 4. | 34 एल.आई.जी. (भवन) | 01 | 137 | 37.80 | 15.03 | 13.90 | 4.19 | 0.84 | 590/- |
| 5. | 50 एम.आई.जी. (भवन) | 08 | 64 से 65, 70, 71, 74 से 77 | 128.40 | 48.24 | 37.24 | 10.65 | 2.13 | 590/- |
| 6. | 50 एम.आई.जी. (भवन) | 01 | 63 | 84.53 | 24.12 | 19.55 | 10.05 | 2.01 | 590/- |
| 7. | 50 एम.आई.जी. (ए) (भवन) | 01 | 73 | 79.18 | 24.12 | 19.55 | 6.78 | 1.36 | 590/- |
| 8. | 50 एम.आई.जी. (ए) (भवन) | 01 | 78 | 85.60 | 24.12 | 19.55 | 7.09 | 1.42 | 590/- |

**अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन के भूखण्ड**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | ई.डब्ल्यू.एस. द्वितीय | 01 | 655 | 48.00 | 7.38 | 1.48 | 590/- |

**नोट :-** (1) मण्डल एवं शासन नियमानुसार अधिरोपित कर पृथक से देय होंगे। (2) स्वयं के कारणों से ऑफर प्रस्तुत करने के उपरांत ऑफर निरस्त कराने पर अथवा नियत समयावधि में बकाया राशि जमा न करने पर 50 प्रतिशत धरोहर राशि काटकर शेष राशि वापस की जावेगी। (3) ऑनलाइन आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने हेतु **अंतिम तिथि 23.03.2026 तक।** (4) ऑफर डालने की **अंतिम तिथि 25.03.2026 सायं 5.00 बजे तक।** (5) **ऑफर खोलने की तिथि 27.03.2026 समय दोपहर 3.00 बजे।** (6) मण्डल/शासन के विस्तृत नियम एवं शर्तें/प्रक्रिया वेबसाइट **www.mphousing.in** पर उपलब्ध है किसी भी विवाद की स्थिति में मण्डल नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। (7) ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व भवन एवं भूखण्ड का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। भवन एवं भूखण्ड यथास्थिति में लीज होल्ड आधार पर विक्रय किये जा रहे हैं। (8) आवेदन एवं धरोहर राशि केवल Online/RTGS के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। (9) मण्डल द्वारा बिना कारण बताए किसी भी स्तर पर ऑफर निरस्त किया जा सकता है।

**संपर्क : श्री दसई दिवाकर (सहायक यंत्री, देवास) मो. 9827083954, शेर सिंह कलेश (सहायक यंत्री) उज्जैन मो. 9343283396, शांतिलाल टटवाल (सहायक यंत्री, शाजापुर) मो. 9039612784/9425915859, नीतेश भंवर (सहा. सपंदा प्रबंधक) मो. 9755527291, सावन सोलंकी (सहायक यंत्री) मो.नं 9644630996**

**MP Online Helpline : 0755-4019400**

**शुभम राठौर (सपंदा अधिकारी)**
**दूरभाष : 0734-3557926**

म.प्र. माध्यम/124699/2026

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb


## एक नजर में

### निकाय कर्मियों ने हटाईं कंटीली झाड़ियां

**ग्वालियर.** डबरा मार्ग पर घाटमपुर से वेयर हाउस नगर के प्रवेश द्वार तक कटीली झाड़ियां और कचरे को साफ किया गया. भाजपा नेता उदयभान सिंह रावत, मंडल महामंत्री गणेश खटीक, एडवोकेट हरीश अग्रवाल ने कटीली झाड़ियां हटाने एसडीएम को ज्ञापन दिया था. उन्होंने झाड़ियों से दुर्घटना की संभावना व्यक्त की थी और मॉर्निंग वाक पर जाने वाले लोगों की परेशानी से अवगत कराया था. ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम राजीव समाधिया ने स्थानीय निकाय के जिम्मेदारों को कटीली झाड़ियां हटाने के निर्देश दिए थे. एसडीएम के निर्देश पर निकाय कर्मियों ने जेसीबी मशीन से कटीली झाड़ियां हटाई थीं.

### मेढ़ के विवाद में बुजुर्ग की जान गई

**भिंड.** मेढ़ के विवाद में बुजुर्ग की जान चली गई. सुरपुरा थाना क्षेत्र के सोई मौजे में उस पर लाठी-डंडों से हमला किया गया. एक घंटे तक विवाद चला. भिंड के सुरपुरा थाना क्षेत्र के सोई गांव मौजे में खेत की मेढ़ को लेकर पुराना विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. लाठी-डंडों से की गई मारपीट में 65 वर्षीय सोवरन बघेल की मौत हो गई. पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुटी है.

### टेलीमेडिसिन परियोजना का शुभारंभ

**दतिया.** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने निवास स्थित कार्यालय में टेलीमेडिसिन परियोजना का शुभारंभ किया. कलेक्टर की पहल से अब ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श की सुविधा मिलेगी. यह पहल जिले में सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

### डबरा में 3 दुकानों में भीषण आग



**ग्वालियर.** डबरा नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित बालाजी परिसर के ठीक सामने आज तड़के अचानक तीन दुकानों में आग लग गई. इनमें आनंद मेडिकल स्टोर, एक मोबाइल की दुकान और एक अन्य दुकान शामिल है. लोगों ने धुआं उठता देखा तो तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. दुकान के ऊपर ही परिवार रहता है, लोगों ने धुआं देखकर मकान मालिक को सूचित किया और नीचे उतरे. मुख्य बाजार होने के कारण आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. लगभग तीन गाड़ियों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. आग इतनी भीषण थी कि इसने दुकानों के साथ-साथ ऊपरी मंजिल पर स्थित मकान के कुछ सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया. आगजनी में तीनों दुकानों को नुकसान हुआ है.

# विस में गूंजा सिंगरौली मद्दा



**सिंगरौली, 27 फरवरी.** विधानसभा सत्र के दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने अपने क्षेत्र से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया. प्रश्नकाल में उन्होंने लंबित विकास कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ न मिलने और विस्थापित परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा. उनके तीखे तेवरों से सदन में कुछ देर गहमागहमी भी रही. विधायक ने बताया कि वर्ष 1984 में एनटीपीसी परियोजना के लिए लगभग 14 गांवों की भूमि अधिग्रहित की गई थी और प्रभावित परिवारों को नवजीवन विहार में 30 वर्ष की लीज पर प्लॉट दिए गए थे. 38 वर्ष बीत जाने के बाद भी लीज का नवीनीकरण और स्थायी पट्टा नहीं दिया गया है, जिससे लोगों में असुरक्षा है. उन्होंने लंबित लीज नवीनीकरण और पट्टा वितरण की मांग की.

> नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने जवाब देते हुए आश्वासन दिया कि लंबित प्रकरणों की जांच कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई होगी.

## नवदंपति ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**ग्वालियर.** एक दिलचस्प मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में देखने को मिला. गुजरात में रहने वाली एक युवती को ग्वालियर में रहने वाले एक लड़के से सोशल मीडिया के माध्यम से पहले वार्तालाप उसके बाद दोनों में प्यार हो गया. सूरत में रहने वाली अंजलि राजपूत ने ग्वालियर के शिंदे की छावनी में रहने वाले अभिषेक बाथम से आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली. बात पता चलते ही युवती के परिजनों ने उसको ग्वालियर में तलाशना शुरू किया इस बात की भनक जैसे ही प्रेमी युगल को पता लगी, उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया एवं पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा की मांग की है.

# नीति आयोग ने किया कार्यों का निरीक्षण

- **आंगनबाड़ी, स्कूलों व डिजिटल लैब पहुंची टीम**





**भिण्ड, 27 फरवरी. नीति आयोग के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी जे. विजय कुमार, डायरेक्टर (अंतरिक्ष विभाग) ने मालनपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण किया.**

उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से लैस आंगनबाड़ी केन्द्रों से लेकर शासकीय स्कूलों और डिजिटल लर्निंग लैब तक का जायजा लिया. उन्होंने बच्चों के पोषण, शिक्षा स्तर व उपस्थिति पर खास नजर रखी. इस दौरान एसडीएम गोहद राजन बी. नाडिया, महिला बाल विकास अधिकारी अंजू तोमर सहित अन्य विभाग अधिकारी भी साथ रहे.

> नोडल अधिकारी जे. विजय कुमार ने सबसे पहले मालनपुर के सिंघवारी स्थित आदर्श एवं आधुनिक आंगनबाड़ी केन्द्र का दौरा किया. यहां बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की. संतुष्टि जताते हुए उन्होंने बच्चों को ड्रेस व चॉकलेट का वितरण भी किया. बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए उन्होंने केन्द्र की स्वच्छता व व्यवस्थाओं की सराहना की. इसके बाद गोहद पहुंचे नोडल अधिकारी ने गुरीखा के आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया. आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की. बच्चों की नियमित उपस्थिति व पोषण आहार की जानकारी ली. कार्यकर्ताओं ने बताया कि केन्द्र में बच्चों को संतुलित भोजन व खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध हैं.

**जागा प्रशासन** | ग्वालियर में 15 वर्ष पुराने आरओबी की होगी जांच

# जबलपुर में पुल टूटने पर ग्वालियर में खुली अधिकारियों की नींद



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 27 फरवरी.** पिछले दिनों भोपाल-जबलपुर हाइवे पर 400 करोड रूपये की लागत से बनाया गया पुल गिर गया था. इसके बाद ग्वालियर चंबल अंचल में भी मप्र सड़क विकास निगम और पीडब्ल्यूडी के सभी रेल ओवर ब्रिज की जांच कराई जा रही है. इस जांच में 15 साल से पहले बनाये गये सभी पुल शामिल किए गए है. उनका कंडीशनल सर्वे किया जायेगा. इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मेंटेनेंस एवं निर्माण की सूची फायनल होगी और तय किया गया जायेगा कि कौन से पुल मेंटेनेंस से ठीक हो जायें और किन पुलों पर सिर्फ मेंटेनेंस से काम नहीं बन पायेगा.

### इन पुलों की होगी जांच

ग्वालियर के 8 पुलों की जांच होगी जिसमें सिंध नदी पर करैरा-भितरवार, चाचूड नदी पर डबरा-जंगीपुरा, पार्वती नदी पर करैरा-भितरवार, बिरला नगर रेल ओवर ब्रिज, नोन नदी पर देवरा-छिरेनता, नोन नदी पर चिनौर-करहिया, सिंध नदी पर करियावटी-बडगोर और मेघरा नाला पर डबरा-चिनोर रोड पर बना पुल शामिल है. इनके अलावा भिंड, मुरैना, दतिया, गुना, अशोकनगर, श्योपुर और शिवपुरी के 24 पुल की भी जांच हो रही है. डबरा में एमपीआरडीसी का आरओबी काफी जर्जर हालत में है. जिसकी हालत देखते हुए जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर रुचिका चौहान ने दिसंबर में आदेश जारी कर भारी वाहनों (डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर-टॉली) के आवागमन पर रोक लगा दी थी लेकिन कार व छोटे लोडिंग वाहन यहां से आ-जा रहे हैं.